BPSC issued notification for 450 vacancies soon

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) 60वीं से 62वीं में साढ़े चार सौ पदों के लिए परीक्षा लेगा। सबसे अधिक पद बिहार प्रशासनिक सेवा के हैं। इसमें 244 पदों पर रिक्तियां हैं।

आयोग की ओर से परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसकी पहली प्रक्रिया नवम्बर-दिसम्बर में शुरू हो जाएगी। इसी के अनुसार परीक्षा की तिथि तय की जाएगी। आयोग ने सामान्य प्रशासन विभाग से कहा है कि शेष रिक्तियों की जानकारी भी 30 जून तक दे दें।

बदले पैटर्न पर परीक्षा का प्रस्ताव: इस बार परीक्षा पैटर्न में थोड़ा बदलाव होगा। बदले हुए पैटर्न पर परीक्षा कराने का प्रस्ताव सरकार के पास भेजा गया है। यह बदलाव यूपीएससी की तर्ज पर होगा। हालांकि सिलेबस में कोई बदलाव नहीं किया गया है। आयोग के सचिव प्रभात कुमार सिन्हा ने बताया कि अभी तक साढ़े चार सौ पदों के लिए रिक्तियां प्राप्त हुई हैं। परीक्षा पैटर्न में बदलाव पर सरकार से मंजूरी मिलने के बाद ही कोई फैसला होगा।

60वीं से 62वीं में इन पदों पर होनी है नियुक्ति

विभाग रिक्तियां
प्रशासनिक सेवा **244**
गृह विभाग (कारा) **60**
वाणिज्यकर आयुक्त **73**
बिहार पुलिस सेवा **30**
अपर निरीक्षक **11**
अंकेक्षण पदाधिकारी **07**
श्रम अधीक्षक **07**
होमगार्ड समादेष्टा **05**
नियोजन पदाधिकारी **03**
अल्पसंख्यक कल्याण **03**
सहकारिता **03**
उत्पाद निरीक्षक **02**
गन्ना पदाधिकारी **02**
कुल 450